# मानव संग्रहालय में माह का प्रादर्श प्रदर्शनी का शुभारंभ

**भोपाल।**

**बुधवार को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में माह का प्रादर्श नामक प्रदर्शिनी का शुभारंभ होटल प्रबंधन संस्थान की प्रशासनिक अधिकारी सुश्री मीनाक्षी पांडे ने किया। सुश्री पांडे ने प्रादर्श की प्रशसा की और कहा कि संग्रहालय भारत की कला और संस्कृति की सीमाओं से बाहर जाकर दक्षिण पूर्व एशिया की सांस्कृतिक विरासत से भी परिचय करा रहा है।**

इस प्रादर्ष में खेने एक पारंपरिक हार्मोनिका (दक्षिण पूर्व ऐषिया का माउथ आर्गन) को प्रदर्षित किया गया है। यह मुख्यत: लाओस आर थाईलैंड के इसान क्षेत्र से संबंधित है। यह केवल एक वाद्य यंत्र नहीं है वरन एक सांस्कृतिक कलाकृति भी है। इसका उपयोग कहानी सुनाने, आध्यात्मिक समारोह और मनोरंजन के लिए किया जाता है। इसे अक्सर गांव में तैयाहारों, शदियों और पूर्वजों तथा आत्माओं के सम्मान में



आयोजित अनुष्ठानों के साथ बौद्ध समारोहों के दौरान भी बजाया जाता है।

ऐसा माना जाता है कि इसकी उत्पत्ति हिंद चीन क्षेत्र में लगभग 8वीं से 10वीं षती ईसवी मे हुई थी। ऐतिहासिक दस्तावेजों एवं प्राचीन मंदिरों की दीवारों पर की गई नक्काशी से ज्ञात होता है कि खेने के प्रारंभिक स्वरूप लगभग एक हजार वर्ष पूर्व दक्षिण पूर्व एशिया में बजाये जाते थे। यह वाद्ययंत्रों लाओ और थाई लोक संगीत, विशेषकर मोर लेम की पारंपरिक षैली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस माह के प्रादर्श प्रदर्षनी का संयोजन डा अनुराधा पांडा, संग्रहालय ऐषोसिएट द्वारा किया।

# आरएनटीयू में मेधावी छात्र सम्मान का भव्य आयोजन

**भोपाल।** रबींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) द्वारा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के लिए मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में किया गया। इस भव्य कार्यक्रम में भोपाल, रायसेन और नर्मदापुरम के 34 प्रतिष्ठित विद्यालयों के 300 से अधिक विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह रहीं। विशिष्ट अतिथियों में विश्वविद्यालय की प्रो. चांसलर डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स, प्रतिकुलपति डॉ. संजीव गुप्ता, कुलसचिव डॉ. संगीता जौहरी, तथा आयोजन समन्वयक एवं डीन एडमिशन डॉ.अनिल तिवारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्रीमती राधा सिंह ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के समर्पण की सराहना करते हुए कहा, मेधावी छात्र हमारे समाज का भविष्य हैं।

# भारत के पहले प्राइवेट यूनिवर्सिटी बैटरी रिसर्च सेंटर का शुभारंभ

**भोपाल।** एमआईटी-वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी (एमआईटी-डब्ल्यूपीयू) ने सस्टेनेबल एनर्जी सॉल्यूशंस को आगे बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, अत्याधुनिक सुविधाओं वाली बैटरी फैब्रिकेशन एवं रिसर्च फैसिलिटी लॉन्च की है, जो लिथियम-आयन और सोडियम-आयन टेक्नोलॉजी पर आधारित है। किसी प्राइवेट स्टेट यूनिवर्सिटी की ओर से पहली बार इस तरह की पहल की गई है, जो आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया जैसे राष्ट्रीय मिशनों के साथ जुड़ी हुई है। इस फैसिलिटी को बैटरी को शुरू से अंत तक पूरी तरह विकसित करने के लिए बनाया गया है, जिसमें एक्टिव मटेरियल सिंथेसिस से लेकर कॉइन सेल फेब्रिकेशन और इलेक्ट्रोकेमिकल परफॉर्मेंस के मूल्यांकन तक की सभी सुविधाएँ उपलब्ध हैं।

# आईएफएल को 49.14 करोड़ रुपये जुटाने की मंजूरी मिली, सबक्रिप्शन के लिए खुला

**भोपाल।** कृषि वस्तुओं के आयात, निर्यात और व्यापार सहित एग्री कोमोडिटी बिझनेस में लगी आईएफएल एंटरप्राइजेज लिमिटेड (बीएसई - 540377) का 49.14 करोड़ रुपये का राइट्स इश्यू 19 जून, 2025 को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा और 30 जून, 2025 तक खुला रहेगा। राइट्स इश्यू की कीमत आकर्षक रूप से 1 रुपये प्रति शेयर रखी गई है, जो मौजूदा शेयरधारकों को कंपनी में अपनी इक्विटी बढ़ाने का अवसर प्रदान करती है। 9 जून 2025 को आयोजित बैठक में बोर्ड ओफ डिरेक्टर्स ने राइट्स इश्यू पर विचार किया और उसे मंजूरी दी।

# सौर ऊर्जा फेडरेशन ने सरकार से संचरण शुल्क छूट को बढ़ाने का आग्रह किया

**भोपाल।** सौर ऊर्जा फेडरेशन ने सरकार से अनुरोध किया है कि वह उन अनेक नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं की व्यवहार्यता को सुरक्षित रखे, जो डेवलपर्स के नियंत्रण से परे देरी के कारण जोखिम में हैं। फेडरेशन ने प्रधानमंत्री कार्यालय के सलाहकार को लिखे पत्र में आग्रह किया कि अंतर-राज्यीय संचरण प्रणाली शुल्क छूट को उन परियोजनाओं के लिए जून 2026 तक बढ़ाया जाए, जो कनेक्टिविटी आवेदन स्थिति, वित्तीय समापन, 50 प्रतिशत से अधिक भूमि अधिग्रहण, और उपकरणों के ऑर्डर जैसे विशिष्ट मानदंडों को पूरा करती हैं।

# नर्मदापुरम् में राज्य स्तरीय युवा साहित्यकार सम्मेलन 15 को

**भोपाल।** अर्चना प्रकाशन न्यास के तत्वावधान में राज्य स्तरीय युवा साहित्यकार सम्मेलन नर्मदापुरम में आगामी 15 जून को आयोजित हो रहा है। इसमें प्रदेश के लगभग दो सौ युवा साहित्यकार सम्मिलित होंगे। कई ख्यातनाम हस्तियां इसमें शामिल होंगी। पांच सत्रों में यह सम्मेलन दिन भर चलेगा। भोपाल में राष्ट्रीय महिला साहित्यकार सम्मेलन के बाद यह अर्चना प्रकाशन का ऐसा दूसरा कार्यक्रम है। सम्मेलन के बहुचर्चित लेखक अनुराग पाठक (टवेल्थ फ़ेल फ़िल्म के उपन्यासकार), लोकप्रिय सीरियल गुल्लक के लेखक दुर्गेश सिंह, माखनलाल पत्रकारिता विवि के नवनियुक्त कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी, गिरीश उपाध्याय, आक्स फ़ोर्ड विवि की पहली एशियाई अध्यक्ष रश्मि सावंत, स्थानीय प्रसिद्ध लेखक अशोक जमनानी और प्रतिष्ठित समाजसेवी कैलाश चन्द्र के सम्मिलित होने की सहमति मिल चुकी है। इसके अलावा रक्षा दुबे चौबे भी आयेंगी। कार्यक्रम साईं कृष्णा रिसोर्ट में होगा। यह सारी व्यवस्थाएं स्थानीय युवा साहित्यकार समिति की देख-रेख में हो रहीं हैं।

# संस्कृत नाटक विश्व रंगमंच का दिग्दर्शन करते हैं- प्रो. भट्ट

**भोपाल।** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल परिसर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय नाट्य कार्यशाला के 12 वें दिन प्रथम सत्र में कर्नाटक से पधारे विषय विशेषज्ञ प्रो राघवेन्द्र भट्ट ने भावप्रकाश के रस विषयक तात्विक विवेचन को उद्घाटित करते हुए बताया कि नाटक में रस का उद्भावन अभिनय कर्ता के द्वारा सामजिक के मन में नाटक के रस का आस्वादन कराता है।



रस ही नाटक का प्राण होता है। जिस प्रकार हमारे शरीर में प्राण की विद्यमानता से ही जीवन की स्थिति होती है ठीक उसी प्रकार नाटक की कथा में रस प्राण होता है। उस रस के रसास्वाद के द्वारा सहृदय सामाजिक रसानन्द की अनुभूति कर रस के चरम सुख को प्राप्त करता है। रसानन्द प्राप्त करना ही नाटक का मख्य प्रयोजन कह सकते हैं। संस्कृतनाटक समाज को रस की सुखानुभूति की ओर ले जाता है।

भास कालिदास भवभूति शूद्रक आदि नाट्यकारो की रचनाएँ समाज में प्रतिनिधि नाट्यरचनाएँ है जो विश्वरंगमंच को दिग्दर्शन करती है। संस्कृतनाटको का जितना प्रयोग किया जाएगा उतना ही अधिक उनकी रसपरिपाकता को समाज जान पाएगा।

शारदातनय भावप्रकाश के माध्यम से संस्कृतरंगमंच के स्वरूप को समाज के मध्य प्रस्तुत किये हैं। रगमंच पर अभिनय की तकनीक और उसकी सूक्ष्मताओं का विशद वर्णन किया है जिसको रंगकर्मियो को समझकर प्रयोग करना चाहिए।

# नेटफ्लिक्स ने रिलीज़ किया राणा नायडू सीज़न 2 का ट्रेलर

**भोपाल।** फिक्सर वापस आ गया है और इस बार मामला निजी है! नेटफ्लिक्स इंडिया की 2023 की ब्रेकआउट सीरीज़ राणा नायडू 13 जून को लौट रही है अपने दूसरे सीज़न के साथ, जो पहले से भी ज़्यादा गंभीर, डार्क और उलझनों से भरा हुआ है। लेकिन जब फिक्सर की खुद की दुनिया बिखरने लगती है, तो सारे नियम बदल जाते हैं। इस बार राणा सिर्फ अपने क्लाइंट्स के मसले नहीं सुलझा रहा। जब राणा का अपना परिवार दांव पर हो, जो लाइन क्रॉस किया... वो गया! सीज़न 1 में दर्शकों को राणा नायडू की खतरनाक, ऐड्रेनालिन-से भरी और स्टाइलिश दुनिया में खींच लिया गया था एक ऐसा फिक्सर जो अमीरों और बेपरवाह लोगों के लिए आख़िरी उम्मीद था।


सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
1911 से आपके लिए ''केंद्रित'' "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

क्षेत्रीय कार्यालय : भोपाल

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अन्तर्गत निम्नानुसार उधारकर्ता/गारंटर को निम्नानुसार उनके अंतिम ज्ञात पते पर देय ऋण एवं ब्याज का भुगतान 60 दिनों के अंदर करने की नोटिस प्रेषित की गई थी। परंतु उक्त नोटिस संबंधित व्यक्ति पते पर न पाये जाने के कारण वापिस आ चुकी है।

| उधारकर्ता/गारंटर का नाम तथा बैंक शाखा का नाम | बैंक बंधक के अन्तर्गत संपत्ति/प्रतिभूति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | धारा13(2) के अधीन जारी नोटिस दिनांक एवं देय राशि |
|---|---|---|
| **नरेला शंकरी शाखा**<br>ऋणी- (1) **श्रीमती रुपाली शर्मा पत्नि श्री सुनील शर्मा** (2) **श्री सुनील शर्मा पुत्र स्व. श्री शंकरलाल शर्मा**<br>दोनों निवासी- फ्लैट नं. ए-3/202, फारच्यून डिवाइन सिटी, होशंगाबाद रोड, भोपाल-462047 (म.प्र.) | **फ्लैट नं. ए-3/202, ब्लॉक नं. 03, द्वितीय तल, फारच्यून डिवाइन सिटी, ग्राम- मिसरोद, होशंगाबाद रोड, तहसील हुजूर, वार्ड नं. 53, (पुराना वार्ड नं. 52) जिला-भोपाल मध्यप्रदेश क्षेत्रफल- 765 वर्गफिट** चर्तुसीमाएं-उत्तर- कॉमन एरिया, दक्षिण- खुली भूमि, पूर्व- फ्लैट नं. ए-3/201, पश्चिम- रोड, संपत्ति मालिक- श्री सुनील शर्मा एवं श्रीमती रुपाली शर्मा | **03/04/2025**<br>रु. **20,64,545.41** +दिनांक 03.04.2025 से देय ब्याज एवं अन्य खर्च<br>एनपीए दिनांक 31.03.2025 |

उपरोक्त संबंधित उधारकर्ता/गारंटर एवं उनके अधिकृत प्रतिनिधि को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 दिनों के पूर्व उपरोक्त संपूर्ण राशि ब्याज एवं खर्चों सहित भुगतान करें अन्यथा सरफेसी अधिनियम के तहत उपरोक्त संपत्ति के कब्जा एवं बिक्री की कार्यवाही अधिकृत अधिकारी द्वारा की जाएगी।

प्राधिकृत अधिकारी
सेंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया
स्थान: भोपाल, दिनांक - 12.06.2025



**न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील-कोलार, भोपाल**
क्रमांक 0663/अ-6/2025-26
**इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है प्रकरण का संक्षिप्त विवरण कि आवेदक श्री दशरथ कुमार दुबे आत्मज देवी शंकर दुबे द्वारा आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109-110 मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है ग्राम- मिसरोद स्थित भूमि, भूमि खसरा क्रमांक- 172,173, 174, 326/1/3/2, 175 व अन्य खसरो के अंश भाग पर स्थित फ्लेट क्रमांक 104 रकबा 30.41 वर्गमीटर का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी43आईजीआर 16952025ए100155950 भोपाल दिनांक 18/3/2025 के आधार पर नामांतरण किए जाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार के जारी होने के 15 दिन के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 2/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

801 सील
**नायब तहसीलदार, तहसील-कोलार, भोपाल**



**कार्यालय तहसीलदार नजूल वृत्त गोविन्दपुरा, भोपाल**
प्रकरण क्र. 1133/अ-6/25-26
**आम सूचना**

आवेदकगण श्री कुन्दन सिंह राजपूत आ. श्री शिवचरण राजपूत, हेम सिंह राजपूत आ. जगदीश प्रसाद, हरगोविन्द राजपूत आ. श्री भवानी सिंह राजपूत, मोहन सिंह राजपूत आ. कमल सिंह राजपूत, अमन राजपूत आ. मूरत सिंह राजपूत के द्वारा आवेदन पत्र के साथ रजिस्टर्ड वसीयतनामा क्रमांक एम.पी059702024ए31418353 दिनांक 24.12.2024, मृत्यु प्रमाण-पत्र की छायाप्रति व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर ग्राम नरेला शंकरी स्थित भूमि खसरा क्रमांक 25/3/1, 26/2, 27/5/1 रकबा 0.2470 हे. भूमि जो कि आवेदकगणों के पिता व चाचा व बड़े पिता के स्वत्व व स्वामित्व की हैं। आवेदकगणों के पिता व चाचा व बड़े पिता स्व. श्री जगदीश प्रसाद रापजूत की मृत्यु दिनांक 04.04.2025 को हो चुकी हैं। आवेदकगणों के पिता व चाचा व बड़े पिता स्व. श्री जगदीश प्रसाद राजपूत के द्वारा अपने जीवनकाल में एक रजिस्टर्ड वसीयतनामा क्रमांक एम.पी059702024ए31418353 दिनांक 24.12.2024 को निष्पादित किया था। जिसमें उन्होंने अपने स्वत्व व स्वामित्व की उपरोक्त संपत्ति उपरोक्त वसीयतग्रहिताओं कर दी थी। अत: आवेदकगणों के द्वारा अपने पिता व चाचा व बड़े पिता की मृत्यु उपरांत वसीयतनामें के आधार पर नामांतरण कराने का निवेदन किया हैं। अतएवं एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता कि यदि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति 15 दिवस में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि बीत जाने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। मेरी पदमुद्रा से आज दिनांक 11/6/2025 को जारी।

802 सील
**तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाअधिकारी नजूल गोविन्दपुरा, भोपाल**



**न्यायालय: कमिश्नर फार वर्कमेंस काम्पेनसेशन श्रम न्यायालय, क्रमांक 2 भोपाल (म.प्र.)**
प्र. क्र. 22/2025/डब्ल्यू.सी.एक्ट फेटल/वि
**सूचना पत्र**

सर्व संबंधित को इस सूचना पत्र के द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रमिक मृतक मनजीतसिंह पिता श्री महेंद्र सिंह नि. म.नं. हताईखेड़ा कोकता भोपाल म.प्र. की दिनांक 04.06.2019 की नियोजक के नियोजन में मृत्यु होने के कारण नियोजक/बीमा कंपनी द्वारा क्षतिधन राशि 7,68,000.00 शब्दों में सात लाख अड़सठ हजार रुपये मात्र, जमा किया गया है। उक्त क्षतिपूर्ति धनराशि आवंटन बाबत् कार्यवाही हेतु श्रवण तिथि 24.06.2025 नियत की जाकर सूचित किया जाता है कि स्वयं को जो कर्मकार प्रतिकार अधिनियम के तहत उक्त मृतक का आश्रित व उनकी मृत्यु के एवज में इस न्यायालय में जमा क्षतिधन पाने का अधिकारी समझता हो तो, अपने साथ दो-दो अभिप्रमाणित फोटो, दो गवाह, राशन कार्ड व सेविंग खाता बैंक पासबुक की मूल व फोटो प्रति साथ लावे तथा आवेदन के साथ नियत पेशी तिथि 24.06.2025 को प्रात: 11.00 बजे प्रस्तुत करें। प्रकरण में जमा क्षतिधन आवंटित ना करने बाबत् स्थगन प्राप्त हो या किसी प्रकार से आपत्ति हो तो भी उक्त तिथि को पेश करें। उक्त श्रवण तिथि व्यतीत होने के पश्चात किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 22.05.2025 को न्यायालय की मुद्रा एवं हमारे हस्ताक्षर द्वारा जारी किया गया।

सील
**आयुक्त कर्मकार क्षतिपूर्ति अधि. श्रम न्यायालय क्रमांक-2, भोपाल म.प्र.**


## सूडोकु नवताल- 7450

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7449 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |


Jagrutidaur.com, Bangalore

## काकुरो पहेली - 7129



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुन: उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:





### काकुरो - 7128 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8517



**बाएँ से दाएँ**

1. घूमना-फिरना-4
4. पक्षियों का शोर-4
7. धोखाधड़ी, मक्कारी-5
9. भस्म, खाक -2
11. आज्ञापालक, कर्मचारी-2
12. मगन, लीन-2
13. नेत्रावरण-3
15. त्याग, दक्षिणा-2
16. जीभ, जिव्हा-3
17. मक्खन-3
18. पेड़ का मध्य व मोटा भाग-2
19. गर्भ-3
21. निवास, रहना-2
23. गम्य (अंग्रेजी-2)
24. पानी, नीर-2
25. इच्छा पूर्ति करना-5
29. एक मुस्लिम महीना-4
30. भाग्य, नसीब-4

**ऊपर से नीचे**


1. अनबन, झगड़ा-4
2. भालू-2
3. परिणाम-2
4. प्याला-2
5. बालों का गुच्छा-2
6. वर, इच्छापूर्ति-4
8. नीरज, जलज-3
10. भयानक-5
11. दयालु-5
13. आश्रय, शरण-3
14. करिश्मा, करतब-3
18. तहखाना-4
20. मगरमच्छ-3
22. शलवार, पायजामा-4
25. आनंद-2
26. झुका हुआ-2
27. पत्र, चिट्ठी-2
28. नासिका, घ्राणेंद्रिय-2

### शब्द पहेली -8516 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 6947



**बायें से दायें:-**

१. अक्षय खन्ना, करीना की प्रियदर्शन निर्देशित एक कॉमेडी फिल्म-४
३. 'झिलमिल सितारों का आँगन' गीत वाली धर्मेन्द्र, राखी की फिल्म-३,२
५. अजय, नाना, फरदीन, उर्मिला, रेखा की 'ये सर्द आहें' गीत वाली फिल्म-२
६. 'जिस दिल में बसा था प्यार तेरा' गीत वाली प्रदीपकुमार, कल्पना की फिल्म-३
८. सुनीलदत्त, नूतन की 'बड़ी देर भई नंदलाला' गीत वाली फिल्म-४
१०. 'पर्दे में रहने दो' गीत वाली धर्मेन्द्र, संजीवकुमार, आशा पारेख की फिल्म-३
१२. 'सीता और गीता' में संजीव के साथ वाली हेमामालिनी के पात्र का नाम-२
१३. 'शिकदुम शिकदुम' गीत वाली अभिषेक, उदय चोपड़ा, जॉन अब्राहम, ईशा देओल, रिमी सेन की फिल्म-२
१६. विकास भल्ला, काजोल की 'मेरे चेहरे पे लिखा है' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'आने वाला पल जाने' गीत वाली अमोल पालेकर, बिंदिया की फिल्म-४
२०. जैकी, मोहसिन खान, नीलम की 'एक तू ही मेरा' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'तेरा काम है जलना' गीत वाली राज कपूर और नर्गिस की फिल्म-२
२३. शाहरूख, चंद्रचूड़, ऐश्वर्या, प्रिया की 'मेरे खयालों की' गीत वाली फिल्म-२
२४. सुदर्शन नाग निर्देशित सनी देओल, नीलम की १९९१ की एक फिल्म-३
२८. जैकी श्रॉफ, रति की 'जितना कभी किसी ने' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'हम भूलेंगे' गीत वाली अमिताभ, अरशद, करिश्मा की फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. शॉवरअली, तरूण अरोड़ा, मेघना की फिल्म-३
२. 'भागे रे मन' गीत वाली फिल्म-३
३. सनी, सलमान, करीश्मा, तब्बू की फिल्म-२
४. अमिताभ, दीपक, डिम्पल, करिश्मा की 'कभी खुशियों की' गीत वाली फिल्म-४
५. 'तेरे नाम' में सलमान की नायिका थी-३
७. कमल हासन, शाहरूख, रानी की फिल्म-१,२
९. 'जिंदगी इम्तिहान' गीत वाली अमिताभ, संजीव, ऋषि, हेमा, शर्मिला की फिल्म-३
१०. नागार्जुन, अमला की एक फिल्म-२
११. सुनील शेट्टी, रवीना, करिश्मा, की फिल्म-३
१३. संजय सूरी, रेवती, गुल पनाग की 'बेनाम सा ये दर्द' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'तुम ने दी आवाज' गीत वाली फिल्म-३
१५. सनी, अजय जडेजा, सेलिना की 'तुमको कितना है' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'इस टूटे दिल' गीत वाली फिल्म-२
१७. राजेंद्रकुमार, शर्मिला टैगोर की एक फिल्म-३
१८. 'अकेले ही अकेले चला' गीत वाली दिलीपकुमार, सायरा बानो की फिल्म-२
१९. आयूब खान, आयशा जुल्का की फिल्म-३
२१. 'ऐ मेरी जिंदगी' गीत वाली जॉन अब्राहम, तारा शर्मा की फिल्म-२
२२. राजकुमार, मीना की 'ठाड़े रहियो ओ बांके यार' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'मुझे तेरे जैसी' गीत वाली फिल्म-२
२६. मनोज बाजपेयी, अरशद, तब्बू, शीबा की फिल्म-२
२७. 'कैसे कटे दिन' गीत वाली राजेश खन्ना, गोविंदा, जूही, माधवी की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 6946



Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 7056

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 2 | | 3 |
| 5 | **33** | 3 | **35** | | **27** | |
| 4 | | 7 | 5 | 6 | 1 | |
| | **29** | | **45** | | **33** | |
| | 3 | | 7 | | 2 | 4 |
| 2 | **29** | 1 | **33** | 4 | **30** | 5 |
| | | 5 | | | 6 | 1 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### अष्टयोग 7055 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 5 | 2 | 3 | 6 | 1 |
| 5 | **38** | 3 | **32** | 1 | **27** | 7 |
| 4 | 3 | 7 | 5 | 6 | 1 | 2 |
| 3 | **29** | 2 | **45** | 7 | **33** | 6 |
| 1 | 3 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 |
| 2 | **24** | 1 | **36** | 4 | **30** | 5 |
| 6 | 1 | 4 | 7 | 2 | 5 | 3 |

Jagrutidaur.com, Bangalore


## शब्दजाल- 8056

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | दि | न | ल | बे | ग | ज | चां | न | र | क |
| ग | र | म | म | सा | ला | जी | द | इ | व | ल |
| आ | कं | दे | ला | ह | जी | स्म | नी | का | क्त | दि |
| वा | ची | प | श | ल | ज | प | बा | पा | ल | र |
| स्तु | त | ई | त्री | में | स | खें | र | भा | म | जं |
| शा | गे | ग | क | ला | बे | ला | न | ई | क | ग |
| स्त्र | जं | न्स | मे | ल | क | ता | म | न | है | ल |
| च | म | न | ए | सं | हो | प | र | ली | म | ए |
| ले | बो | र्न | य | त | चि | ना | री | रो | न | क्स |
| क्या | कु | ल | हैं | ह | म | त्र | हो | ड | म | प्रे |
| बे | बी | लो | नि | या | ल | र | न | रा | त | स |

शब्दजाल में राजपाल यादव की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं

गरम मसाला, वास्तुशास्त्र, क्या कूल है हम, कल हो ना हो, रोड, जंगल, चांदनी बार, वक्त, कंपनी, लाल सलाम

### शब्दजाल - 8055 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore